## खबर संक्षेप

### 16 जुलाई को शांति समिति की बैठक

**सीहोर।** प्रदेश के साथ ही जिले में भी 17 जुलाई को मोहर्रम, 19 अगस्त को रक्षा बंधन, 26 अगस्त को जन्मा टमी, 7 सितंबर को गणेश उत्सव व पर्युषण महापर्व प्रारंभ, मिलाद-उन-नबी और अनंत चतुर्दशी के त्योहार मनाए जाएंगे। व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला पंचायत सभा कक्ष में 16 जुलाई को शाम 4 बजे शांति समिति की बैठक होगी।

### आईटीआई में प्रवेश शुरु

**सीहोर।** कौशल विकास विभाग मध्यप्रदेश द्वारा शासकीय और अशासकीय आईटीआई संस्थानों में संचालित एनसीवीटी एवं एससीवीटी के पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए प्रक्रिया जारी की गई है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी एनपीएसएसडीईजीबी भोपाल द्वारा जारी प्रवेश प्रक्रिया अनुसार इच्छुक अभ्यर्थी विभाग के पोर्टल www.dsd.mp.gov.in पर प्रवेश रजिस्ट्रेशन 2024 पर जाकर नवीन रजिस्ट्रेशन, त्रुटि सुधार तथा च्वाइस फिलिंग कर सकते है। प्रवेश पोर्टल पर 17 जुलाई तक आवेदन हेतु नवीन रजिस्ट्रेशन, त्रुटि सुधार तथा इच्छित संस्थाओं एवं व्यवसायों की प्राथमिकता क्रम का चयन और प्राथमिकता के क्रम में च्वाइस फिलिंग लॉक करने के पूर्व तक त्रुटि सुधार किया जा सकता है।

### ऑफिसर के पदों पर होगी भर्ती

**सीहोर।** ऑयल एंड नेचुरल गैस लिमिटेड ने जूनियर कंसल्टेंट और एसोसिएट कंसल्टेंट के पदों पर भर्ती निकाली है। उम्मीदवार ओएनजीसी की वेबसाइट पर जाकर भर्ती के लिए आवेदन कर सकते हैं। यह भर्ती कांट्रेक्ट बेसिस पर एक साल के लिए की जाएगी। आवेदन की आखिरी तारीख 23 जुलाई है। आवेदक के लिए आईटीआई या डिप्लोमा या डिग्री के साथ कार्य अनुभव जरूरी है।

### परीक्षाएं 12 सितंबर तक चलेंगी

**सीहोर।** नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ ओपन स्कूलिंग (एनआईओएस) ने 10वीं और 12वीं के ऑन डिमांड एग्जामिनेशन-2024 के लिए एग्जाम शेड्यूल जारी कर दिया है। जिन भी छात्रों ने एनआईओएस ऑन डिमांड एग्जामिनेशन में शामिल होने के लिए आवेदन किया है, वे एनआईओएस की ऑफिशियल वेबसाइट से इसे डाउनलोड कर सकते हैं। यह परीक्षाएं 16 जुलाई से शुरु होंगी और 12 सितंबर तक चलेंगी। जल्द ही इस परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड जारी कर दिए जाएंगे।

### 500 से अधिक जवानों के जिम्मे रहेगी पार्किंग, यातायात और श्रद्धालुओं की सुरक्षा की जिम्मेदारी

# कुबेरेश्वरधाम पर शिव महापुराण कथा के लिए सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने अधिकारियों को दिए निर्देश

कार्यक्रम में आने वाले श्रद्धालुओं को स्वास्थ्य संबंधी परेशानी होने पर तुरंत उपचार के लिए कार्यक्रम स्थल पर 5 बिस्तरीय मिनी आईसीयू की व्यवस्था की गई है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



जिला मुख्यालय के ग्राम चितावलिया हेमा स्थित कुबेरेश्वर धाम में रविवार से आयोजित होने वाली शिव महापुराण की कथा के संबंध में ग्राम पंचायत सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में जिला पंचायत सीईओ आशीष तिवारी, अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह तथा एडिशनल एसपी गीतेश गर्ग ने अधिकारियों से चर्चा करते हुए बेहतर व्यवस्थाएं करने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक के पश्चात सभी अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया।बैठक में संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए गए कि आने वाले श्रद्धालुओं के लिए पीने के पानी की उचित व्यवस्था की जाए। पानी की व्यवस्था के लिए पर्याप्त कर्मचारी की ड्यूटी लगाई जाए। बैठक में निर्देश दिए गए कि कार्यक्रम स्थल पर श्रद्धालुओं के लिए जो भोजन बनाया जाएगा, उसकी फूड इंस्पेक्टर द्वारा समय समय पर जाँच की जाए। बैठक में संबंधित अधिकारियों को कथा स्थल पर आवश्यकता अनुसार बेरिकेडिंग करने, कुबरेश्वर धाम से बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन तक आवागमन के लिए वाहनों का किराया, स्वास्थ्य सेवाएं की उपलब्धता, अग्नि दुर्घटनाओं पर तत्काल काबू पाने के लिए फायर ब्रिगेड 24 घंटे उपलब्ध कराने, वाहन पार्किंग की उचित व्यवस्था एवं पुलिस सहायता केंद्र स्थापित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में जिला एसडीएम तन्मय वर्मा, संयुक्त कलेक्टर नितिन टाले, आनंद सिंह राजावत, डिप्टी कलेक्टर सुधीर कुशवाह, नगर पुलिस अधीक्षक निरंजन सिंह राजपूत सहित विठ्लेश सेवा समिति के सदस्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### कार्यक्रम स्थल पर बनाया जाएगा मिनी आईसीयू

कार्यक्रम में आने वाले श्रद्धालुओं को स्वास्थ्य संबंधी परेशानी होने पर तुरंत उपचार के लिए कार्यक्रम स्थल पर 05 बिस्तरीय मिनी आईसीयू की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही स्वास्थ्य केंद्र एवं कैंप में श्रद्धालुओं का स्वास्थ्य परीक्षण एवं दवाओं का वितरण किया जाएगा ।

### कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण

बैठक के बाद जिला पंचायत सीईओ आशीष तिवारी, अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह, एडिशनल एसपी गीतेश गर्ग सहित सभी संबंधित अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर श्रद्धालुओं को बैठने के लिए बनाए जाने वाले डोम, भोजन शाला, धर्मशाला सहित अन्य स्थलों का निरीक्षण किया।

### आज से आरंभ होगा गुरु पूर्णिमा महोत्सव, 21 को गुरु दीक्षा

जिला मुख्यालय के समीपस्थ चितावलिया हेमा स्थित निर्माणाधीन मुरली मनोहर एवं कुबेरेश्वर महादेव मंदिर में हर साल की तरह इस साल भी रविवार से गुरु पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा।

इस मौके पर सात दिवसीय शिव महापुराण दोपहर एक बजे से चार बजे तक और एक दिवसीय 21 जुलाई को दीक्षा महोत्सव का आयोजन अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के सानिध्य में किया जाएगा। मंदिर परिसर में होने वाली कथा की तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। शनिवार को कथा स्थल पर प्रशासनिक अधिकारियों ने भी जायजा लिया। कथा स्थल पर एक दिन शनिवार की सुबह से ही हजारों श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला शुरू हो गया है।

इसके लिए विठलेश सेवा समिति के व्यवस्थापक समीर शुक्ला, पंडित विनय मिश्रा, आशीष वर्मा, मनोज दीक्षित मामा, आकाश शर्मा, सौभाग्य मिश्रा, रविन्द्र नायक सहित अन्य ने यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए भोजन प्रसादी के अलावा जय श्री गायत्री पनीर फैक्ट्री के संचालक समाजसेवी राजेन्द्र प्रसाद मोदी द्वारा सहयोग किए तीन हजार लीटर की ठंडाई का वितरण किया गया। इस मौके पर फैक्ट्री की ओर से डीसी बघेल आदि शामिल है। यहां आने वाले श्रद्धालु के लिए आधुनिक रसोई में 50 क्विंटल आलु, 30 क्विंटल कद्दू, 50 क्विंटल आटा, 20 क्विंटल सेव-मिक्सर आदि की व्यवस्था समिति द्वारा की जा रही है। यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा, यातायात व्यवस्था और पार्किंग आदि के लिए पुलिस विभाग की ओर से 500 से अधिक जवानों की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा नगर पालिका, जनपद, स्वास्थ्य विभाग, मध्यप्रदेश वितरण कंपनी, लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों के द्वारा भी उचित व्यवस्था की जा रही है।

### कुबेरेश्वर धाम से बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन तक का किराया निर्धारित

कुबेरेश्वर धाम में 14 से 21 जुलाई तक शिव महापुराण कथा एवं गुरू पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की आने की संभावना है । श्रद्धालुओं के आवागमन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर श्री प्रवीण सिंह के निर्देश पर जिला सड़क सुरक्षा समिति द्वारा ऑटो के कुबेरेश्वर धाम से बस स्टेंड के लिए 25 रूपये तथा रेल्वे स्टेशन तक के लिए 30 रूपये किराया निर्धारित किया गया है। जिला परिवहन अधिकारी रितेश तिवारी बताया कि सभी ऑटो चालकों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। जिला परिवहन अधिकारी ने निर्देश दिए हैं कि सभी वाहनों के फिटनेस परमिट की वैधता जांच करने एवं बगैर फिटनेस तथा परमिट के वाहनों को संचालित नही करें। कार्यक्रम स्थल पर यात्रियों को लाने ले जाने वाली बसों पर स्पष्ट रूप से बैनर (रेल्वे स्टेशन/ बस स्टेण्ड से कुबरेश्वर धाम) लगाने के निर्देश दिए गए हैं। सभी ड्राइवर अपने आई-कार्ड/बैच धारण करेंगें तकि पहचान सुनिश्चित की जा सके। ऑटो चालकों को वाहन क्षमता से अधिक यात्री ना बैठाने तथा गति सीमा एवं यातायात नियमों का पालन करने के निर्देश दिए गए हैं। सीहोर से इन्दौर की ओर जाने वाले सभी आटों चालकों को यह निर्देश दिए गए हैं कि वह जगदीश पेट्रोल पम्प से यू-टर्न लेकर इन्दौर से भोपाल रोड पर सवारियों को उतारेंगे एवं सवारियों को बैठायेंगे।

## जयश्री पनीर फैक्ट्री ने श्रद्धालुओं के लिए हजारों लीटर ठंडाई का कराया वितरण



**सीहोर।** जिला मुख्यालय के समीपस्थ चितावलिया हेमा स्थित निर्माणाधीन मुरली मनोहर एवं कुबेरेश्वर महादेव मंदिर में हर साल की तरह इस साल भी रविवार से गुरु पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। हर साल की तरह फैक्ट्री के संचालक वरिष्ठ समाजसेवी राजेन्द्र प्रसाद मोदी ने यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए तीन हजार से लीटर छाछ की ठंडाई का वितरण कराया है। इसके अलावा यहां पर समय-समय पर दही आदि की व्यवस्था की जाएगी।

इस संबंध में जानकारी देते हुए फैक्ट्री प्रबंधक डीसी बघेल ने बताया कि फैक्ट्री जिला मुख्यालय के समीपस्थ पीपल्यमीरा में लंबे समय से स्थापित है और हजारों लोगों को रोजगार देने के अलावा हर धार्मिक और सामाजिक कार्य में अपनी ओर से तन, मन और धन से सेवा के लिए तत्पर रहती है। भागवत भूषण पंडित प्रदीप मिश्रा के आदेशानुसार फैक्ट्री ने सहयोग के लिए अपने ठंडाई के टैंकर को संचालक श्री मोदी के मार्गदर्शन पर रवाना किया। इस मौके पर विठलेश सेवा समिति की ओर से व्यवस्थापक समीर शुक्ला, पंडित विनय मिश्रा, आशीष वर्मा, मनोज दीक्षित मामा, आकाश शर्मा, सौभाग्य मिश्रा, रविन्द्र नायक सहित अन्य ने यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए वितरण किया। आगे भी पनीर फैक्ट्री के द्वारा दही, छाछ और घी आदि की व्यवस्था की जाएगी।

## सलकनपुर देवी मंदिर परिसर में लगातार दिखाई दे रहा है भालू



**रेहटी।** प्रसिद्ध देवी धाम मां विजयासन देवी सलकनपुर में फिर भालू लगातार दिखाई दे रहा है। परसो रात के बाद कल रात को भी आया भालू आप के बता दे पिछले कई दिनों से भालू परिवार मंदिर परिसर के आसपास दिखाई दे रहे कल रात भी भालू मंदिर परिसर में आया वह कुछ खाते दिखाई दे रहा है सशास्त्र सुरक्षा बल के जवान जमुना प्रसाद श्रीवास ने पालतू डाग द्वारा भालू को भगाया डाग को देख एक बार भालू अपने पीछे के पैरो पर खड़ा भी हुआ फिर जमुना प्रसाद ने ललकार कर लाठी ठोक कर भगाया गया।

पिछले दो बार भालू द्वारा लोगो पर हमले कर चुका है जिससे पहला हमला सीडी मार्ग पर सुबह सुबह हुआ था जिसमे दो लोगो के सिर में गम्भीर चोट थी दूसरा हमला शाम को पार्किंग में स्थानीय ड्राइवर को गम्भीर घायल किया था। रेहटी रेंजर रितु तिवारी से चर्चा की जिस पर उन्होंने बताया की जंगल बहुत अधिक फैला है और जंगल में ही मंदिर स्थित है लोगो को सूचित कर दिया। शाम के बाद अकेले न जाए और इस में क्या हो सकता ऊपर विभाग को सूचित कर सलाह ली जाएगी।

### पेंशनर्स को फर्जी कॉल से बचने की सलाह

**सीहोर।** साइबर अपराधियों द्वारा पेंशनधारियों को जीवन प्रमाण-पत्र को ऑनलाइन अपडेट करने के संबंध में की जाने वाली फर्जी कॉल से बचाव की सलाह दी है। वर्तमान में साइबर अपराधियों द्वारा पेंशन निदेशालय का हवाला देकर पेंशनरों को पूरा डाटा बताकर जीवन प्रमाण-पत्र अपडेट करने के लिए ओटीपी साझा करने की बात प्रकाश में आई है।

पेंशनर द्वारा गलती से ओटीपी साझा करने पर अपराधी को बैंक खाते का डायरेक्ट एक्सेस कन्ट्रोल मिल जाता है और पेंशनर के खाते की राशि फर्जी खाते में स्थानांतरित कर दी जाती है।

## भाजपा के कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ हैं: सुदीप प्रजापति

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के अनुसार सीहोर नगर मंडल की बैठक विधायक कार्यालय सीहोर में भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं जिला महामंत्री राजकुमार गुप्ता के मुख्य आतिथ्य एवं मंडल अध्यक्ष सुदीप प्रजापति की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

शनिवार को बैठक में नव नियुक्त भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष सुदीप प्रजापति ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तमाम चुनौतियों का सामना करते हुए अपने कुशल नेतृत्व से विश्व पटल पर देश को गौरवान्वित किया है। उन्होंने कहा भाजपा के कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ हैं। कार्यकर्ताओं की मेहनत से ही आज देश में भाजपा सबसे बड़ी पार्टी है। हमारे प्रदेश में डॉ. मोहन यादव की सरकार भी तेजी से सर्व कल्याण की नीतियों पर अमल करते हुए सबका विकास कर रही है।

मंडल अध्यक्ष सुदीप प्रजापति ने द्वारा 11 जुलाई से 15 अगस्त तक होने वाले विभिन्न कार्यक्रम की रुपरेखा बताई। बैठक में मुख्य अतिथि राजकुमार गुप्ता ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी हमेशा जनहित के कार्य में लगी रहती है तेरा वैभव अमर रहे मां हम दिन चार रहे ना रहे बैठक के प्रारंभ में भारतीय जनता पार्टी के पित्र पुरुष डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की तत्पश्चात नव नियुक्त मंडल अध्यक्ष सुदीप प्रजापति का स्वागत सभी की ओर से निर्मल पवार द्वारा किया गया प्रथम बैठक के अवसर पर नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष श्री प्रजापति ने मंच पर उपस्थित जिला महामंत्री राजकुमार गुप्ता रवि नागले पंकज गुप्ता मानसिंग पवार पंडित रमाकांत समाधिया धर्मेंद्र राठौर कक्का सुभाष मेवाड़ा नगर पालिका उपाध्यक्ष विपिन सास्ता, अशोक सिसोदिया, कन्हैयालाल मालवीय सुभाष मेवाड़ा पूर्व पार्षद संतोष कुशवाहा डॉक्टर गगन नामदेव बृजमोहन सोनी गोपाल सोनी मोहन चौरसिया सहित उपस्थित सभी भाजपा कार्यकर्ताओं हरिओम शर्मा दाऊ राजू सिकरवार महेश पारीक शेर सिंह राजपूत संजय राय बाबा अखिलेश चौरसिया कीर्ति श्रीवास्तव राजा अग्रवाल राजेश परिहार पप्पू यादव अनूप चौधरी पार्षद राहुल राय राजेश माझी लखन चौरसिया प्रदीप बिजोरिया दिनेश कुशवाह पप्पू कमलेश कुशवाहा अर्जुन राठौर संतोष शाक्य नरेंद्र राजपूत विशाल राठौर मुकेश मेवाडा जितेंद्र यादव मिथिलेश शर्मा हर्ष ताम्रकार नट्टू राठौर तुषार सोनी बाटा विनय तिवारी दीपक राठौर रघु मेवाड़ा आदित्य उपाध्याय प्रब्णय शर्मा राहुल यादव सूर्या कसोतिया अमित नीखरा नीरज जाटव संदीप कुशवाह प्रफुल्ल वंशकार शिवम गुप्ता देवेंद्र सोनी प्रदीप वशिष्ठ सुशील ताम्रकार दिनेश विश्वकर्मा राहुल शर्मा अशोक समाधिया कपिल कुशवाहा शाहिद सहित महिला मोर्चे की मंडल अध्यक्ष सीमा परिहार रेखा चौरसिया ज्योति मालवी प्रेमलता राठौर मिथिलेश राठौड़ सोनू ठाकुर पुष्प लता राठौड़ सीमा सक्सेना शाहिद सभी भाजपा कार्यकर्ताओं को अंगवस्त्र पहनाकर कर स्वागत किया कार्यक्रम मे बहु संख्या मे भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे कार्यक्रम का संचालन धर्मेंद्र राठौर कक्का ने किया आभार प्रत्येश राठौर में माना।

## ग्राम कलमखेड़ा की महिलाओं ने बर्तन बजाकर किया प्रदर्शन



**सीहोर।** जिले से 50 किलो मीटर दूर कलमखेड़ा गांव के किसानों ने किसान व समाजसेवी एमएस मेवाड़ा के नेतृत्व में नलकूप खनन कराने के लिए पंचायत मंत्री व लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग मंत्री से मांग की गई थी। जिस पर गांव में नलकूप खनन तो हुआ परन्तु उसमें हैंडपम्प लगा दिया गया। परन्तु ग्रामीणजनों की मांग थी कि हैंडपंप के स्थान पर ट्यूबवेल लगाई जाए, जिसको लेकर किसान व समाजसेवी एमएस मेवाड़ा के नेतृत्व में खाली बर्तन बजाकर प्रदर्शन किया गया। कुछ महिलाओं ने तो पेड़ पर चडक़र बर्तन बजाये। मौके पर प्रशासनिक अधिकारी एसडीओ पहुंचे और ग्रामीणों की मांग पर हैंडपंप के स्थान पर ट्यूबवेल लगाई गई।

### दिव्यांग कल्याण विकास परिषद ने की पेंशन वृद्धी की मांग, ज्ञापन सौंपा

# दूसरी मंजिल पर है पुर्नवास केंद्र हमें होती है परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




दिव्यांग कल्याण एवं विकास परिषद ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर अपनी विभिन्न मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम डिप्टी कलेक्टर वंदना राजपूत को ज्ञापन दिया। दिव्यांगजनों द्वारा पुर्नवास केंद्र को दूसरी मंजिल से पहली मंजिल पर नीचे प्रारंभ करने और पेंशन वृद्धी की प्रमुख मांगे रखी गई। दिव्यांग कल्याण एवं विकास परिषद अध्यक्ष श्रवण कुमार वास्तवार ने बताया कि दिव्यांग पुर्नवास केन्द्र दूसरी मंजिल पर सीहोर में संचालित जहां पर उपर जाने के लिए कोई दिव्यांग रेंप भी नहीं है जिस कारण हमेशा दिव्यांगों को उपर जाने में परेशानियों का सामना करना होता है शीघ्र दिव्यांग हित में पूर्नवास केंद्र को नीचे पहली मंजिल पर लाना चाहिए। दिव्यांगजनों को काफी कम छ सौ रूपये माह पेंशन राशि दी जा रही है जिस से दिव्यांगों का बड़ती महंगाई में पालन पौषण नही हो पा रहा है दिव्यांगजन सहायत पेशन राशि को तीन हजार रूपये प्रति माह किया जाना चाहिए जिस से की दिव्यांग भी सम्मान की जिन्दगी जी सकें।

शिक्षित दिव्यांग बेराजगारी के शिकार है सरकारी नौकरियों में अधिक आरक्षण दिया जाए और स्वरोजगार के लिए ऋण उपलब्ध कराया जाना चाहिए। सभी दिव्यांगों को पेट्रोल चलित या बेटरी चलित तीन पहिया वाहन (स्कूटी या ट्राय साईकल) उपलब्ध कराई जाए और दिव्यांगो का राशन कार्ड बनाकर मुफ्त राशन भी दिया जाना चाहिए। जिला चिकित्सालय में दिव्यांग प्रमाण पत्र बनावाने के लिये नीचे के फलोर पर एकल खिडकी की व्यवस्था की जाये जिससे की दिव्यांगजनों को परेशानी से मुक्ति मिल जाए। ज्ञापन देने वालों में कमलेश राठौर, संतोष प्रजापति, योगेश यादव, कलीम, सुखविंदर सिंह, लक्ष्मीनारायण सेन, संतोष, राजकमल,देवराज मालवीय,नरबदा प्रसाद, कलीम खा, मुकेश प्रजापति, राहुल राठौर, जितेंद्र वर्मा, माखन यादव,उमा राठौर आदि दिव्यांगजन शामिल रहे।

## पिता की डांट से घर छोड़कर गई नाबालिग, 48 घंटे बाद मिली

**भैरूंदा।** क्षेत्र के गांव पांडा गांव की एक 16 वर्षीय नाबालिग घर से स्कूल में दाखिला कराने के लिए बीते 10 जुलाई को घर से निकली थी। इसी दिन देर शाम को नाबालिग ने अपने पिता को फोन किया और कहा कि मैं हमेशा के लिए आपसे दूर जा रही हूं। मैं किसी का फोन नहीं उठाऊंगी।

पुत्री की बात सुनकर पिता ने उल्टे पैर दौड़ लगाई और थाने आकर इसकी सूचना थाने में दी। पुलिस ने नाबालिग की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर 48 घंटे में ही नाबालिग को ढूंढ़ निकाला और परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

थाना प्रभारी घनश्याम सिंह दांगी ने बताया कि पांडा गावं की एक 16 वर्षीय नाबालिग अपने पिता की डांट से परेशान हो चुकी थी। उसने परिजनों से तंग आकर घर से दूर जाने का निर्णय ले लिया था। बीते 10 जुलाई को वह नगर के शासकीय कन्या हायर सेकंडरी स्कूल में एडमिशन कराने के नाम पर घर से निकली और उसने पिता को फोन पर बोला कि वह घर नहीं लौटेगी। पुत्री की बात सुनकर पिता थाने आया और उसने सारा घटनाक्रम पुलिस को बताया। इसके बाद पुलिस टीम ने नगर के यात्री बस स्टैंड पर सीसीटीवी फुटेज खंगाले तो पता चला कि नाबालिग होशंगाबाद की बस में बैठकर निकली। पुलिस ने मोबाइल लोकेशन के आधार पर नाबालिग को बाबई के पास से बरामद कर पिता के सुपुर्द किया।

खबर संक्षेप

### अहिरवार समाज संघ की जिला स्तरीय बैठक आज

**सीहोर।** रविवार को श्यामपुर तहसील अंतर्गत आने वाले ग्राम वनखेडी स्थित सामुदायिक अंबेडकर भवन में अहिरवार समाज संघ की जिला स्तरीय बैठक आयोजित होने जा रही है। संघ के जिला मीडिया प्रभारी कपिल सूर्यवंशी ने इस बैठक के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में कई सामाजिक विषयों से जुडे बिंदुओं पर चर्चा होगी। जिसमें पूर्व राज्यमंत्री मप्र शासन भुजबल सिंह अहिरवार, संघ के प्रदेश अध्यक्ष राजेश अहिरवार, प्रदेश उपाध्यक्ष रविशंकर सूर्यवंशी मुख्य अतिथि के रुप में शामिल होंगे। वहीं संभागीय अध्यक्ष तुलसीराम अहिरवार , सचिव विनोद कुमार बड़ोदिया, उपाध्यक्ष जीवन सिंह अहिरवार भी अतिथि के रुप में शामिल रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष संगीता गोलियां के द्वारा की जाएगी। आयोजन जिला समिति द्वारा किया जा रहा है।

### उज्जैन-भोपाल के लिए ट्रेन 31 अगस्त तक

**सीहोर ।** यात्रियों की सुविधा को देखते हुए तथा सावन महीने के दौरान श्रद्धालुओं की भीड़ चलते पश्चिम रेलवे ने उज्जैन से भोपाल के लिए स्पेशल पैसेंजर ट्रेन चलाई है। यह ट्रेन 31 अगस्त तक चलेगी।पश्चिम रेलवे के वरिष्ठ जनसंपर्क अधिकारी प्रदीप शर्मा ने बताया कि उज्जैन से भोपाल के लिए गाड़ी संख्या 09313 उज्जैन-भोपाल-उज्जै न स्पेशल पैसेंजर ट्रेन 11 जुलाई से शुरु हुई है। यह ट्रेन 31 अगस्त तक प्रतिदिन उज्जैन से रात 9 बजे चलकर सीहोर 23.36 बजे आकर रात 1.10 बजे भोपाल पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 09314 भोपाल-उज्जैन पैसेंजर 12 जुलाई से 1 सितंबर तक हर दिन भोपाल से रात 2.10 बजे चलकर रात 3.42 बजे सीहोर आकर सुबह 7.20 बजे उज्जैन पहुंचेगी। दोनों ही ओर से यह ट्रेन तराना रोड, मक्सी, कालीसिंध, अकोदिया, शुजालपुर, कालापीपल, सीहोर, संत हिरदाराम नगर रुकेगी।

### पर्यटन क्विज प्रतियोगिता 27 जुलाई को

**सीहोर।** मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड,जिला पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद एवं स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जिले में 27 जुलाई को दो चरणों में मध्यप्रदेश पर्यटन क्विज प्रतियोगिता- 2024 का आयोजन किया जायेगा। स्पर्धा का उद्देश्य प्रदेश के समृद्व शाली इतिहास, परम्पराओं ऐतिहासिक व सांस्कृतिक धरोहर, तथा पर्यटन के विस्तृत क्षेत्र से छात्र एवं छात्राओं को परिचित कराना है। प्रतियोगिता में सीहोर जिले के शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के कक्षा 9 वीं से 12 वीं तक अध्ययनरत 3 सर्वश्रेष्ट विद्यार्थियों का दल भाग लेगा। पर्यटन क्विज 2024 के पंजीयन के लिए अंतिम तिथि 8 जुलाई निर्धारित की गई है। पंजीयन के लिए लिंक पर पंजीयन किया जा सकता है। प्रत्येक दल मे तीन सदस्यो का होना अनिवार्य है। प्रतियोगिता के पंजीयन का उत्तरदायित्व संस्था प्राचार्य का होगा। इसके लिए जिले के सभी संकुल प्राचार्य एवं प्राचार्य सहित जिले के सभी विकासखंड के शिक्षा अधिकारी को प्रत्येक विद्यालय का दल सम्मिलित कराए जाने के निर्देश दिए गए है। प्रतियोगिता कलेक्टर एवं जिला पुरातत्व,पर्यटन एवं संस्कृति परिषद अध्यक्ष प्रवीण सिंह एवं जिपं के सीईओ आशीष तिवारी के निर्देशानुसार आयोजित की जायेगी।

## किसानों ने बताया कि खरीफ की फसल बड़ी हो गई है, उसमें रोग लगना और चारा का उगना शुरू हो गया है

# फसलों में बिना जानकारी के कीटनाशक का छिड़काव कर रहे किसान, नहीं मिलती सलाह

इस समय खेतों में चारों और हरियाली छाई हुई है। वहीं खेतों मे बोई गई सोयाबीन फसल अब लहलहराने लगी है।कुछ दिनों से बारिश भी थमी हुई है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

क्षेत्र में बारिश का दौर थमा हुआ है। इसके चलते किसान अपने खेतों में खरपतवार व कीटनाशक दवाई का छिड़काव करने में लगे हुए हैं। यह किसान कृषि विभाग की बिना जानकारी के ही दवाओं का उपयोग कर रहे हैं। वहीं विभाग का मैदानी अमला भी इन किसानों को सलाह देना उचित नहीं समझ रहा है। यहीं कारण है कि पिछले साल क्षेत्र के एक किसान की कई एकड़ की फसल खरपतवार दवाई से नष्ट हो चुकी है। उसके बाद भी दवाई कंपनी और विक्रेताओं पर कोई कार्रवाई नहीं होती।

इस समय खेतों में चारों और हरियाली छाई हुई है। वहीं खेतों मे बोई गई सोयाबीन फसल अब लहलहराने लगी है।कुछ दिनों से बारिश भी थमी हुई है। किसान खेतों में दवाई का छिड़काव करने में लगे हुए हैं। इनमें खरपतवार और कीटों को नष्ट करने के लिए दवाई का छिड़काव किया जा रहा है। जबकि अधिकांश किसान बिना दवाई की जानकारी होने के बाद भी उसे खेतों में डाल रहा है।



**दवा विक्रेता उन कीटनाशकों को बेच रहे जिनमें मुनाफा अधिक :** दवाई विक्रेता उन दवाओं का विक्रय अधिक करते हैं जिनमें उनका मुनाफा अधिक होता है। उनके झांसे में आकर किसान दवाई खरीद लेते हैं। इसका खामियाजा किसानों को फसल के नुकसान के रूप में उठाना पड़ता है। वहीं कृषि विभाग का मैदानी अमला भी किसानों को दवाई के बारे में जानकारी मुहैया नहीं कराते हैं। इस वजह से किसान बिना जानकारी के दुकानों से दवाई खरीद कर उसका छिड़काव कर रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में हो रहा फसलों को नुकसान किसानो ने बताया कि अपने खेतो में सोयाबीन फसल की बुवाई की गई है। सोयाबीन की फसल में खरपतवार नाशक कीटनाशक दवाई डाली जा रही है जिससे सोयाबीन की फसलो को नुकसान हो रहा है।कृषि विभाग द्वारा अभी तक किसानो को किसी भी प्रकार की सलाह नहीं दी गई।

किसानों ने बताया कि खरीफ की फसल बड़ी हो गई है। उसमें रोग लगना और चारा का उगना शुरू हो गया है। जिसके कारण खरीफ खराब हो रही है। फसल को रोगों से बचाने के लिए दवाओं का उपयोग किया जाना है। लेकिन बाजार में कीटनाशक महंगे रेट में मिल रही है। बाजार में दुकानदार दवाओं को ऑरीजनल बताकर नकली दे रहे है।खरीफ की फसलें आकार लेने लगी है।

इन फसलों को कीट व्याधी से बचाने के लिए किसानों ने प्रयास करना शुरू कर दिया है। किसान हजारों रूपए खर्च करके कीटनाशक दवाइयां खरीदकर फसलों में छिड़काव कर रहे है। लेकिन उन कीटनाशक दवाओं से खरीफ की फसलों में उगने वाले चारा सहित कीटों पर कोई असर नहीं पड़ रहा है। मौसम खराब होने कारण कीटनाशक, खरपतवार दवाई का इस्तेमाल कर रहे किसान की फ़सल पर कम असर कर रही है किसान अपकी फ़सल में दवाई का छिड़काव समय अनुसार ही कर रहा है लेकिन खेतो में पर्याप्त नमी नहीं होने के कारण दवाई कम असर कर रही है। भैरुंदा कृषि विभाग अधिकारी बीएस राज साडो ने बताया कि कीटनाशक दवाएं बेच रहे दुकानो पर जाकर निरीक्षण कर जो दुकानदार किसान से अधिक मुनाफा कमा रहे उनके खिलाफ कार्रवाई करेंगे।

## दो दिवसीय रोजगार मेले का समापन 33 युवाओं को मिल गया काम



**भैरूंदा।** जनपद कार्यलय में चल दो दिवसीय रोजगार मेले का समापन हुआ।जिसमें सिक्युरिटी एण्ड इन्टेलिजन्स सर्विसेज अनूपपुर द्वारा सुरक्षा जवान, सुरक्षा सुपरवाइजर, सुरक्षा अधिकारी के पदों पर भर्ती की गई रोजगार मेले का आयोजन आए युवाओं को नियोक्ति पत्र देकर 15 जुलाई से एक माह के लिए सिक्युरिटी एण्ड इन्टेलिजन्स सर्विसेजअनूपपुर द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। रोजगार मेले का आयोजन कर रहे प्रताप कुमार साकेत ने बताया कि भैरूंदा जनपद पंचायत परिसर में 12 एवं 13 जुलाई तक रोजगार मेले का आयोजन किया गया।जिसमे भैरूंदा ब्लाक से 33 आवेदन आए हैं सभी को नियुक्ति पत्र देकर 15 जुलाई से सभी को प्रशिक्षण एक माह के लिए प्रदान किया जाएगाजिसमे युवाओं को योग्यता अनुसार रूपये 14000 से 35000 तक वेतनमान दिया जावेगा। नियुक्ति होने पर युवक युवतियों को स्थायी नौकरी, वार्षिक वेतन वृद्धि, पदोन्निति, बोनस, पेंशन, ग्रेच्युटी, प्रोविडेंट फंड, ई.एस.आई.सी.दुर्घटना बीमा, सेवा प्रावधान,लोन सुविधा, मैस व आवास सुविधाएँ प्रदान की जायेगी।

## शुगर मिल जमीन मामले में अरोरा ने दी विधायक सुदेश राय को क्लीन चिट

**सीहोर।** वरिष्ठ भाजपा नेता जसपाल सिंह अरोरा की प्रेस कॉन्फ्रेंस शनिवार को उनके निवास पर पेड़ पौधों से शुरू हुई और कालोनीनाइजरों पर करारा हमला करती हुई राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा के बाद विधायक सुदेश राय तक भी पहुंच गई। वरिष्ठ भाजपा नेता पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जसपाल सिंह अरोरा ने कहा कि इछावर विधानसभा में फर्जी पट्टा देने वाले पटवारी सहित अन्य अधिकारियों पर कार्रवाई की जा रही है मध्य प्रदेश में राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा से बड़ा कोई भी ईमानदार मंत्री नहीं है।

उन्होंने कहा कि प्रशासन ने हाल ही में कॉलोनीनाइजरो की लिस्ट जारी की है यह वही लोग हैं जिन्होंने पेड़ों को काटकर कॉलोनी बनाई है ऐसे कॉलोनी डेवलपर्स पर कार्रवाई होना चाहिए।एक सवाल के जवाब में श्री अरोरा ने कहा कि शुगर मिल की जमीन पर उसी के ही पूर्व कर्मचारियो के कब्जे हैं सीहोर विधायक सुदेश राय को झूठा बदनाम किया जाता है। भाजपा नेता जसपाल सिंह अरोरा ने विधायक सुदेश राय को शुगर मिल जमीन के मामले में क्लीन चिट देते हुए कहा कि विधायक के कब्जे में शुगर मिल की कोई भी जमीन नहीं है हम सब भारतीय जनता पार्टी के सिपाही हैं और जनता के हित में



काम कर रहे हैं। अरोरा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ओर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव प्रदेश भर में एक पौधा मां के नाम अभियान चला रहे हैं इस अभियान में सभी राजनीतिक दलों और समाजसेवी संस्थाओं धार्मिक संस्थाओं के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं को बढ़-चडकर हिस्सा लेना चाहिए और अधिक से अधिक पौधों के लिए सुरक्षित स्थानों आष्टा रोड पहाड़ी पर शनि मंदिर के आसपास हजारों पौधे लगाए जा सकते हैं इछावर रोड वाली पहाड़ी पर भी बड़ी संख्या में पर पौधे लगाए जा सकते हैं वहां पहुंचकर पौधरोपण करना चाहिए जिससे कि हमारे आने वाली पीढ़ी सुरक्षित हो। आपसी मनमुटाव भूलाकर तन मन धन से पौधरोपण अभियान में एकजुट होकर सहयोग करना चाहिए।

## मेघा परमार झारखंड में संभालेगी विधानसभा चुनाव की कमान




**सीहोर।** झारखंड विधानसभा के चुनाव का बिगुल बज गया है सभी पार्टियां अपने अपने प्रबंधन में तेजी से लगी हे वही चुनाव प्रबंधन के लिए सक्रिय और जुम्मेदार कार्यकर्ताओ को प्रभारी बनाकर चुनाव प्रबंधन के लिए भेजा जा रहा है। बीते दिनों कांग्रेस ने झारखंड में जिला प्रभारियों की घोषणा की जिसमे मध्यप्रदेश के सीहोर जिले के ग्राम भोजनगर की बेटी पर्वतारोही मेघा परमार को जिला गुमला झारखंड का प्रभारी बनाया गया।

मेघा परमार के प्रशंसक उन्हें शुभकामनाएं दे रहे है। मेघा परमार का कहना हे राजनीति में आई हूं और कांग्रेस पार्टी में रहकर जन मानस के बीच पहुंचती हु पार्टी नेतृत्व को जो भी उचित लगता है वो जिम्मेदार मुझे दी जा रही है में निरंतर पार्टी नेतृत्व में कार्य करती रहूंगी। कांग्रेस पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व से मुझे यह जिम्मेदारी मिली है मैं उनकी आभारी हूं साथ ही पूरी निष्ठा और लगन से अपने कार्य को निरंतर करती रहूंगी। देश में जो कुछ समय की लहर थी उसने पुनः कांग्रेस तरफ रुख कर लिया है जिसका असर लोकसभा चुनाव में भी देखने को मिला। जनता पुनः कांग्रेस पार्टी में ही अपना विश्वास रखती है। हर राज्य में आपको कांग्रेस पार्टी के पक्ष में परिणाम भी देखने को मिलेंगे।

## अन्य बड़े ब्रांडों को टक्कर देगा जिला पंचायत का देशी घी गिरः इमडीखेड़ी में यूनिट हुई शुरू

**सीहोर।** महिलाओं को आत्मनिर्भर और उनको आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उदेश्य से जिला पंचायत में कई नवाचार किए जा रहे हैं। जिले में महिला स्वसहायता समूह अनेक उत्पाद निर्मित कर रहे हैं।

जिला पंचायत सीईओ आशीष तिवारी की पहल पर सीहोर जनपद अंतर्गत आने वाले ग्राम इमलीखेडा में घी और पनीर यूनिट प्रारंभ की गई है, जिसमें समूह की महिलाएं गिर गाय का शुद्ध घी बना रही हैं। फिलहाल खुले बाजारों में यह उत्पाद गिर घी के नाम से विक्रय किया जा रहा है। जिसे काफी पंसद भी किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि जनपद पंचायत सीहोर के ग्राम इमडीखेडी में गिर घी और पनीर की यूनिट शुरू की गई है। यह यूनिट स्वसहायता समूहों की महिलाओं द्वारा संचालित की जा रही है। यहां बेकार पडे सीएचसी भवन में 9 लाख रुपए की लागत से कस्टम हाईरिंग सिस्टम यूनिट बनाई गई है। जहां दूध से घी और पनीर बनाने की प्रोसेसिंग की जाती है। एनआरएलएम की योजना के अंतर्गत तीन महिला स्वसहायता समूहों को गिर गाय खरीदने और यूनिट संचालन के लिए उद्योग विभाग से सब्सिडी उपलब्ध कराई गई। गुजरात के जूनागढ क्षेत्र से 12 स्वस्थ्य गिर गाय लाई गई हैं। न्यू राधिका आजीविका समूह यूनिट का संचालन कर रहा है।



### उत्पादन बढ़ाने 50 गायों का लक्ष्य

जिला पंचायत सीईओ आशीष तिवारी उत्पाद के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि गिर घी की बाजारों में काफी डिमांड है, महिलाएं गाय पालन महिलाओं के जाना पहचाना कार्य है गाय की सेवा और महिलाओं की आर्थिक समृद्धि इस मंशा से इस नवाचार को आगे बढाया जा रहा है। अभी 12 गाय हैं। जिनसे रोजाना 50 लीटर दूध प्राप्त हो रहा है। अभी एक किलोग्राम तक घी निर्मित हो रहा है। बाजार में 1600 रुपए प्रतिकिलो के हिसाब से बेचा जा रहा है। आगामी दिनों में यूनिट का विस्तार किया जाएगा और भी लोगों को इस योजना से जोडेंगे। 50 गिर गाय यहां लाने का लक्ष्य है। जिससे उत्पादन बढ़ेगा और समूहों की आमदनी भी बढ़ेगी। गिर घी को ब्रांड के रूप में स्थापित करने के लिए कार्ययोजना बनाई जा रही है।

## पिछड़ा वर्ग के छात्र-छात्राओं को नहीं मिल रहा है होस्टल किराया और छात्रवृत्ति

### ओबीसी महासभा ने दिया कलेक्ट्रेट पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन



**सीहोर।** पिछडा वर्ग के छात्र छात्राओं को होस्टल किराया और छात्रवृत्ति की राशि नहीं मिलने से काफी संकटों का सामना करना पड़ रहा है। पिछडा वर्ग के छात्र छात्राओं की विभिन्न समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर शुक्रवार को ओबीसी महासभा के पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर को दिया है। ओबीसी महासभा जिलाध्यक्ष चांद सिंह मेवाड़ा ने कहा कि ओबीसी छात्रों को सत्र 2022-23 और 2023-24 तक की छात्रवृत्ति और होस्टल किराया राशि अबतक नहीं दी गई है जिस कारण मेडिकल और इंजिनियर की पढाई करने वाले विदयार्थियों पढाई में कापुी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है हजारों छात्र पड़ाई बीच में छोड़ के लिए मजबूर हो रहे है। पिछडा वर्ग कल्याण की स्कॉलरशीप के लिए भी सरकार ने कोई बजट नहीं रखा गया है जिस कारण भविष्य में परेशानी और भी बढने की संभावनाऐं बनी हुई है। प्रदेश में ओबीसी छात्रावासों की संख्या भी काफी कम है परिणाम स्वरूप समस्या और भी बड़ जाती है। प्रदेश की हर तहसील क्षेत्र में ओबीसी छात्रावास निर्माण कराया जाना भी जरूरी है। आवासीय खेलकूद व अन्य संस्थाओं में बिना ओबीसी कोटे के भर्ती प्रक्रिया अपनाई जा रही है। जब भी भर्ती प्रक्रिया हो तब उसमें 27 प्रतिशत ओबीसी कोटे के साथ छात्रों की भर्ती की जाना चाहिए। जिस से की ओबीसी के गरीब बच्चों को भी आरक्षण का लाभ मिल जाए। मांग करने वालों में ओबीसी महासभा के ब्रजेश मेवाड़ा, शांतिलाल परमार, राकेश धाकड़, मुन्नालाल कुशवाहा, अमित राय, लखन मेवाड़ा, सुंदरलाल, महेश्री, दीपक राठौर, जन्म सिंह परमार, सुंदर वर्मा, रामसिंह, धना सिंह जितेंद्र मालवीय आदि शामिल रहे।

## मरीह माता मंदिर में गुप्त नवरात्रि में जारी है प्रतिदिन हवन, यज्ञ, दुर्गा सप्तशती का पाठ

# अष्टमी के दिन किया जाएगा हलवे की प्रसादी का वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

इस साल भी शहर के विश्रामघाट मां चौसट योगिनी मरीह माता मंदिर में हर साल की तरह इस साल भी आषाढ़ गुप्त नवरात्रि के पावन अवसर पर प्रतिदिन हवन, यज्ञ, दुर्गा सप्त शती का पाठ के साथ पार्थिव शिवलिंगों का निर्माण के अलावा कन्या भोज आदि का आयोजन भी किया जा रहा है। मंदिर के व्यवस्थापक गोविन्द मेवाड़ा, रोहित मेवाड़ा, पंडित उमेश दुबे, ज्योतिषाचार्य पंडित गणेश शर्मा, जिला संस्कार मंच की ओर से जितेन्द्र तिवारी, राहुल सिंह, मनोज दीक्षित मामा, रोहित मेवाड़ा, धर्मेन्द्र माहेश्वरी, आशीष माहेश्वरी, पप्पू सेन सहित अन्य ने यहां पर देवी मां का विशेष श्रृंगार किया। इस मौके पर सुबह हवन पूजन के अलावा सुबह और शाम को आरती का आयोजन किया जाएगा। शुक्रवार को सुबह माता का विशेष श्रृंगार के साथ करीब दो दर्जन से अधिक कन्याओं को भोजन प्रसादी का



वितरण किया गया। जिला संस्कार मंच के मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि रविवार को अष्टमी के दिन हलवे की प्रसादी का वितरण किया जाएगा। गुप्त नवरात्रि में साधक पूरी आस्था के साथ पूजा अर्चना करती है। भक्त अत्यधिक भक्ति और समर्पण के साथ मां दुर्गा की पूजा-अर्चना करते हैं। साथ ही नौ दिनों तक कठिन उपवास का पालन करते हैं। हिंदू पंचांग के अनुसार, गुप्त नवरात्र साल में दो बार माघ और आषाढ़ माह में आते हैं। भगवती के दस रूपों की पूजा गुप्त नवरात्र में की जाती है। मां भगवती के दस रूपों दर्शन-पूजन क्रम में पहले दिन मां काली, दूसरे में मां तारा देवी, तीसरे में मां त्रिपुर सुन्दरी, चौथे में मां भुवनेश्वरी, पांचवें में मां छिन्नमस्ता, छठे में मां त्रिपुर भैरवी, सातवें में मां धूमावती, आठवें में मां बगलामुखी, नौवें में मां मातंगी और दसवें दिन मां कमला देवी की पूजा होती है, मां के इन दस स्वरूपों को पूजा-अर्चना करने का ख़ास महत्व है। प्रसिद्ध मरीह माता मंदिर में लंबे समय से पूजा-अर्चना करते हुए आ रहे है। हिंदू धर्म शास्त्रों में कुल चार नवरात्रि का वर्णन है। चैत्र और शारदीय नवरात्रि के अलावा दो गुप्त नवरात्रि भी होती हैं। एक गुप्त नवरात्रि माघ और दूसरी आषाढ़ के महीने में पड़ती है। इस समय असाढ़ माह चल रहा है और साल की पहली गुप्त नवरात्री इसी माह में होगी। गुप्त नवरात्रि में मां दुर्गा के उपासक गुप्त तरीके से पूजा उपासना करते हैं। आषाढ़ माह में पडने वाले गुप्त नवरात्रि की शुरुआत शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से होती है। इस साल गुप्त नवरात्रि का प्रारम्भ छह जुलाई से शुरू हुआ है, जिसका समापन 15 जुलाई को होगा। जो भक्त गुप्त नवरात्रि में नौ दिन मां दुर्गा की विधि विधान से पूजा उपासना करते हैं, उन्हें नवग्रह से शांति मिलती है। गुप्त नवरात्रि में गुप्त विद्याओं की सिद्धि के लिए विशेष साधनाएं की जाती है। इन दिनों तंत्र साधना का विशेष महत्व होता है। इन तंत्र साधनाओं को गुप्त रूप से किया जाता है. इसलिए इसे गुप्त नवरात्रि कहा जाता है। इस दुर्गा माता को शक्ति का रूप माना जाता है। इसलिए, इस दौरान 9 दिनों तक संकल्प लेकर व्रत रखना होता है। इस दौरान प्रत्येक दिन सुबह और शाम को मां दुर्गा की आराधना करनी होती है।

## नवीन कानून लागू होने पर रेहटी पुलिस ने आयोजित किया जनजारुकता कार्यक्रम




**रेहटी।** पुलिस अधीक्षक सीहोर मयंक अवस्थी द्वारा नवीन कानून भारतीय न्याय संहिता-2023, व भारतीय नागरकि सुरक्षा संहिता -2023 के संबंध में जागरूक किये जाने के दिये गये निर्देशो के तारतम्य में एसडीओपी बुदनी शशांक गुर्जर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी रेहटी निरीक्षक राजेश कहारे के नेतृत्व में थाना रेहटी में जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जागरूकता कार्यक्रम में थाना स्टाफ एवं महिला बाल विकास विभाग, स्कूल, कॉलेज, आगनबाडी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता, डाक्टर एवं नर्सेस व स्वंयसेवी संस्थाओ के महिलाए उपस्थित हुई जिन्हे नवीन कानून भारतीय न्याय संहिता-2023 व भारतीय नागरकि सुरक्षा संहिता -2023 के संबंध में जानकारी दी गई।


# स्वास्थ्य विभाग जिला कार्यालय के पास नहीं है संचालनालय का कोई विभागीय आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा


अपने उपनाम की स्पेलिंग एवं पदस्थापना को संशोधित बताने वाले डॉ कठेरिया 18 महीने बाद भी यह बात मानने तैयार नहीं है कि उनकी मूल पदस्थापना राजगढ़ नहीं अभी भी सामुदायिक केंद्र खुजनेर ही है। स्वास्थ्य विभाग के जिला कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार आज भी डॉ कठेरिया की मूलपदस्थापना राजगढ़ जिला मुख्यालय से संबंधित कोई विभागीय आदेश नहीं है। इसलिए सीएमएचओ डॉ किरण वाडिवा एवं सिविल सर्जन डॉ रजनीश शर्मा द्वारा डॉ कठेरिया को कार्यमुक्त कर उनको मूलपदस्थापना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खुजनेर जाने के आदेश थमा दिए गए।

## बीएमओ खुजनेर बोले- आज भी खुजनेर सामुदायिक केंद्र से बनती है डॉ कटेरिया की वेतन

## फिर जिला मुख्यालय पर कैसे बता रहे हैं नवीन पदस्थापना, अपूर्ण जानकारी देकर कर रहे हैं वरिष्ठ अधिकारियों को भ्रमित



| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | PANDEY | जिला देवास के स्थान पर जिला चिकित्साल इन्दौर है। | जिला देवास के स्थान पर जिला चिकित्साल इन्दौर संशोधित की जाती है। |
| 15 | 479 | DR. SANJAY KUMAR RANA | ग्रेड–पे में 5400 के स्थान पर 7600 संशोधन चाहा गया है। | प्राप्त ग्रेड–पे में 5400 के स्थान पर 7600 संशोधित की जाती है। |
| 16 | 491 | DR. D.C. ARYA | पी.जी. डिप्लोमा पी.जी.डी.पी. एच.एम. वर्ष 2013 की पृविष्ठी नही है। | पी.जी. डिप्लोमा पी.जी.डी.पी.एच.एम. वर्ष 2013 की पृविष्ठी निर्धारित कॉलम में की जाती है। |
| 17 | 538 | DR. RAJENDRA KATHERIYA | उपनाम की स्पेलिंग एवं पदस्थापना सी.एच.सी. खजनुर जिला राजगढ के स्थान पर जिला चिकित्सालय राजगढ संशोधन चाहा गया है। | उपनाम की स्पेलिंग एवं पदस्थापना पदस्थापना सी.एच.सी. खजनुर जिला राजगढ के स्थान पर जिला चिकित्सालय राजगढ संशोधित की जाती है। |
| 18 | 540 | DR. MUKESH JAISWAL | पी.जी. डिग्री जनरल सर्जरी वर्ष 2006 की पृविष्ठी नही है। | पी.जी. डिग्री जनरल सर्जरी वर्ष 2006 की पृविष्ठी निर्धारित कॉलम में की जाती है। |



कार्यालय कलेक्टर जिला राजगढ़ म.प्र.

क्रमांक / 35 / सीएसटी / 2024 राजगढ़ दिनांक 03 जुलाई 2024

प्रति,
मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी,
जिला चिकित्सालय
जिला राजगढ

विषयः– संलग्नीकरण आदेश निरस्त करने बाबत प्रस्तुत आवेदन।

विषयान्तर्गत डॉ. राजेन्द्र काठेरिया (एम.एस.) प्रभारी सल्यकिया विशेषज्ञ जिला चिकित्सालय राजगढ़ द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया गया है कि आपके कार्यालय के आदेश क्रमांक /स्था./–जी/2024/6286 दिनांक 22.06.2024 निरस्त कर संचालनालय स्वास्थ्य सेवाऐं म.प्र. के आदेश क्रमांक 1–जी/विज्ञप्त/सेल–6 वरीयता/2022/01 दिनांक 02.01.2023 संलग्न किया गया जिसमें प्रार्थी के निवेदन पर उक्त आदेश से उपनाम की स्पेलिंग एवं पदस्थापना सी.एच.सी खुजनेर जिला राजगढ के स्थान पर जिला चिकित्सालय संशोधित की जाती है का का लेख है।

अतः प्राप्त आवेदन तथा स्वास्थ्य संचालनालय का उक्त आदेश संलग्न कर निर्देशित किया जाता हैं उपरोक्त के संबंध में वस्तुस्थिति से अवगत कराना सुनिश्चित करे।

संलग्नः–उपरोक्तानुसार

कलेक्टर
जिला राजगढ़ (म०प्र०)

### अपने 16 साल के अटैचमेंट के दौरान कितने साल स्टॉफ क्वार्टर का उपयोग किया जांच जरूरी

यदि 16 साल तक डॉ कठेरिया जिला मुख्यालय पर अटैचमेंट के तौर पर रहे तो पहली बात तो वह स्टॉफ क्वार्टर के पात्र थे ही नहीं परंतु फिर भी यदि अधिकारियों ने केंपस में रहने की अनुमति दे भी दी तो फिर इन 16 सालों का हाउस रेंट किसके मद से और कितना काटा गया यह भी जांच का विषय है। इसकी जाचं हुई तो चौकाने वाले तथ्य सामने आ सकते हैं।

### 18 महीनों में भी नहीं मिला विभाग को ऐसा कोई आदेश

इस बात को क्या समझा जाए कि डॉ कठेरिया 2 जनवरी 2023 का जो आदेश अपने मोबाइल में लिए लोगों को दिखाकर अपने आपको सुरक्षित मान रहे हैं और अपने ही मन में सोचे बैठे हैं कि उनकी मूलपदस्थापना राजगढ़ जिला मुख्यालय पर हो गई है तो वह गलत है। क्योंकि डॉ कठेरिया जिस आदेश को दिखाकर वरिष्ठ अधिकारियों को भ्रमित कर रहे हैं, असल में वह आदेश आज 18 महीनों के बाद भी राजगढ़ जिला मुख्यालय को प्राप्त नहीं हो पाया है। स्वास्थ्य विभाग के स्थापना से मिली जानकारी के अनुसार अभी तक ऐसा कोई आदेश उनके पास नहीं पहुंचा है।

### *क्या कलेक्टर दीक्षित को भी नहीं दी सही जानकारी ?*

*कलेक्टर हर्ष दीक्षित के कार्यालय द्वारा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को जारी एक पत्र में डॉ राजेन्द्र कठेरिया का संलग्नीकरण समाप्त करने के लिए पत्र जारी किया गया। जिसमें संचालनालय के उसी पत्र का जिक्र किया गया है जो डॉ कठेरिया अपने बचाव में लोगों भ्रम में डालने के लिए रखे घूम रहे हैं। परंतु डॉ कठेरिया ने कलेक्टर दीक्षित को यह नहीं बताया होगा की 18 महीने के बाद भी उनका यह आदेश विभागीय स्तर पर स्वास्थ्य विभाग राजगढ़ को प्राप्त नहीं हुआ है। यदि हुआ होता तो यह नोबत ही नहीं आती। इससे यह अनुमान लगाया जा रहा है कि डॉ राजेन्द्र कठेरिया ने कलेक्टर दीक्षित को भी अपूर्ण जानकारी देते हुए सीएमएचओ के नाम संलग्नीकरण समाप्त करने का पत्र निकलवाया हो।*

### *सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खुजनेर से ही बनती है वेतन*

*बीएमओ खुजनेर डॉ मित्तल ने इस बात को स्पष्ट कर दिया है कि डॉ राजेन्द्र कठेरिया का मासिक वेतन आज भी खुजनेर मूलपदस्थापना से ही बनता है। ऐसे में डॉ कठेरिया किस आदेश का भ्रम जाल बनाए हुए हैं यह कह पाना थोड़ा मुश्किल है और क्यों कार्यमुक्त होने के बाद अपनी मूलपदस्थापना पर नहीं जाना चाहते।*

**रिकवरी राशि वसूलने विभाग की कवायद**

## विद्युत विभाग ने मेन चैराहे पर लगवाई बकायादारों की सूची




हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

बिजली का उपयोग करने के बाद अब अनेकों उपभोक्ताओं द्वारा अर्से से बकाया राशि का भुगतान नहीं किया जा रहा है। बिजली विभाग के कर्मचारियों की अनेकों ताकीदों के बाद भी बकायादारों ने राशि जमा नहीं करवाई तो विभाग ने अब ऐसे उपभोक्ताओं के नामों की सूची सार्वजनिक चैराहों लगवाना शुरू की है।

क्षेत्र के कालीपीठ गांव के चौराहे पर विभाग ने यह सूची लगवाई है। राजगढ़ ग्रामीण वितरण केंद्र के जूनियर इंजीनियर रवि बड़ोले ने बताया कि क्षेत्र में अनेकों ऐसे बड़े बकायादार हैं जिन पर महीनों, सालों से हजारों रुपए का बिल बकाया है। इन बकायादारों के घर जाकर, फोन लगाकर कई बार उन्हें बिल जमा करने के लिए कहा गया एवं चेतावनियां भी दी गईं। इसके बाद भी उनके द्वारा विभाग की राशि जमा नहीं करवाई जा रही है।

ऐसे में अब ऐसे बड़े बकायादारों की सूची विभाग ने सार्वजनिक चौराहों पर लगवाना शुरू किया है। बड़ोले ने बताया कि विभाग द्वारा प्रत्येक डीसी में ऐसा करवाया जाएगा और जो बड़े बकायादार महीनों से पैसा जमा नहीं करवा रहे हैं, उनके नाम इसी तरह सार्वजनिक किए जाएंगे।

## अनियंत्रित होकर दुकान में जा घुसा ट्रक, बाल-बाल लोग



हरिभूमि न्यूज ▶▶जीरापुर

नगर के जनपद कार्यालय के सामने एक होटल मे गुरूवार रात्रि लगभग नौ बजे एक अनियंत्रित ट्रक उक्त होटल में जा घुसा। घटनास्थल पर मोके पर मौजूद लोगो ने बताया की एक ट्रक नगर परिषद के सामने से ब्रेक फेल होने से रूडकता आ रहा था। इसी दौरान आसपास जो लोग मौजूद थे उन्होंने तेज आवाज लगाकर मोजूद लोगों को आगाह कर बचने के लिए चेतया। जिससे लोग इधर-उधर भागकर बचे। इस मौके पर लोग अनियंत्रित ट्रक को अपनी और आता देख बाइक छोड़कर जान बचा कर भागें जब ट्रक नियंत्रण में आने कि स्थिति में नहीं था तो चालाक ने ट्रक को जनपद के सामने बनी होटल पर काट दिया। जिसमे मोके पर खड़ी दो बाइक ट्रक की चपेट मे आ गई। घटना मे कोई हताहत नहीं हुआ है। दूकानदार के काउंटर, कुर्सी, ड्रम, रेलिंग आदि का काफी नुकसान हुआ। जानकारी लगते ही पुलिस मोके पर पहुंच गई।

## राज्यमंत्री टेटवाल की जाति को लेकर हाईकोर्ट में याचिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़-सारंगपुर

सारंगपुर विधायक एवं मप्र शासन के कौशल विकास एवं उद्योग राज्यमंत्री गौतम टेटवाल के खिलाफ इंदौर हाईकोर्ट में याचिका दायर हुई है। बीजेपी एससी मोर्चा के उपाध्यक्ष एवं सरपंच जीतेंद्र मालवीय ने टेटवाल द्वारा स्वयं को अनूसूचित जाति वर्ग का बताने को लेकर यह याचिका दायर करवाई है।

होईकोर्ट के एडवोकेट धर्मेंद्र चेलावत के माध्यम से यह याचिका दायर करवाई गई है। याचिकाकर्ता मालवीय का आरोप है कि टेटवाल ने फर्जी जाति प्रमाण-पत्र के आधार पर अनुसूचित जाति वर्ग के लिए आरक्षित सारंगपुर विधानसभा सीट से चुनाव लड़ा है। जबकि, वे जिनगर जाति से हैं जो मप्र शासन के गजट अनुसार पिछड़ा वर्ग से आती है। आरोप है कि टेटवाल ने दस्तावेजों में हेराफेरी करते हुए फर्जी जाति प्रमाण पत्र प्राप्त किया है। याचिकाकर्ता के वकील चेलावत ने बताया कि कई सुसंगत आधारों के साथ यह रिट लगाई गई है। आगामी दिनों में न्यायालय द्वारा इसकी सुनवाई की जाएगी।

इस संबंध में राज्यमंत्री गौतम टेटवाल का कहना है कि याचिकाकर्ता पर हाल ही में तीन मुकदमे सारंगपुर और पचोर थाने में दर्ज हुए हैं। पंचायत में की गई गड़बड़ी की जांच भी उनके खिलाफ चल रही है। मैं एससी वर्ग से ही हूं। न्यायालय द्वारा मांगे जाने पर सभी तथ्य, दस्तावेज वहां प्रस्तुत किए जाएंगे।

**फेमस यू-ट्यूबर धमेंद्र बिलोटिया द्वारा धोखाघड़ी करने की शिकायत**

## फिल्म शूटिंग अधूरी छोड़ने व आय की राशि हड़पने के आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

क्षेत्र के फेमस हास्य यूट्यूबर एवं आर्टिस्ट धमेंद्र बिलोटिया द्वारा एक फिल्म की शूटिंग बीच में ही अधूरी छोड़ने एवं फिल्म के निर्माता, निर्देशकों से रुपए-पैसों की धोखाघड़ी किए जाने की शिकायत हुई है। आरोप है कि आर्टिस्ट धमेंद्र बिलोटिया ने यूट्यूब से हुई आय का हिस्सा भी अकेले ही रख लिया और अब अपनी बात से वे मुकर रहे हैं।




### *क्या है पूरा मामला*

*पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायत करने वाले सतरंगी इंडियन टीम के राजेष कारपेंटर ने बताया कि उन्होंने और साथियों ने साल 2020 में खुजनेर के शहीद मनीष विष्वकर्मा को लेकर एक फिल्म बनाने का काम शुरू किया था। जिसमें प्रत्येक कलाकार द्वारा फिल्म के लिए 2 से 5 हजार रुपए का इन्वेस्ट किया गया। तय हुआ था कि फिल्म की आय का 10 प्रतिशत हिस्सा साथियों को दिया जाएगा जिनमें आर्टिस्ट धमेंद्र बिलोटिया भी शामिल थे। बाद में कोरोना काल के कारण फिल्म रोक दी गई और पूरी टीम धमेंद्र बिलोटिया के यूट्यूब चैनल के लिए काम करने लगी। इस शर्त पर की जो भी आय होगी उसका 50 फीसदी राशि टीम को मिलेगी। बाद में फिल्म पर काम शुरू कर दिया। इस बीच धमेंद्र बिलोटिया काफी लोकप्रिय हो गए। जब शिकायकर्ता कारपेंटर और टीम ने धमेंद्र बिलोटिया से आमदनी का आधा हिस्सा लगभग 10 लाख रुपए मांगे तो उन्होंने देने से मना कर दिया। इसके साथ ही फिल्म पर भी काम करना उन्होंने बंद कर दिया है। सतरंगी टीम के राजेश और उनकी टीम के अन्य साथियों ने एसपी से मांग की है कि धमेंद्र बिलोटिया पर निमयमानुसार कार्रवाई करते हुए उन्हें उनके हिस्से की राशि दिलवाई जाए। इस बारे में जब हरिभूमि ने धमेंद्र बिलोटिया से संपर्क करना चाहा तो नहीं हो पाया।*

## सीएमएचओ के निरीक्षण में अनुपस्थित मिले मेडिकल ऑफिसर




**राजगढ़।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. किरण वाडीवा ने शुक्रवार को सारंगपुर ब्लॉक के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र धामंदा का औचक निरीक्षण किया। इस निरीक्षण में मेडिकल ऑफिसर डॉ. महेश गौर अनुपस्थित मिले। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य केंद्र की विभिन्न व्यवस्थाओं में भी काफी कमी नजर आईं। इसके साथ ही मरीजों को दी जाने वाली सेवाओं से संबंधित जानकारी जब सीएमचएचओ ने ली तो उन्होंने अप्रसन्नता व्यक्त की। केंद्र पर स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न योजनाओं का पालन भी नियमानुसार नहीं करवाया जा रहा है।

## मजदूर युवक लापता, थाने में गुमशुदगी का मामला दर्ज

**सारंगपुर।** शाजापुर जिले के मोहन बड़ोदिया थाना क्षेत्र अंतर्गत नया गांव अकोदिया निवासी युवक समीप ग्राम बिलोदा पूर्विया में मजदूरी करता था, लेकिन अचानक 10 तारीख को कहीं लापता हो गया। जिसकी शिकायत



परिजन के द्वारा थाना सारंगपुर में दर्ज की गई। पुलिस द्वारा गुमशुदगी का मामला कायम कर लापता युवक की खोज की जारी की इस बीच युवक की मोटरसाइकिल एक नाले के पास से जप्त हुई लेकिन युवक का पता नहीं लगा जब पुलिस ने इंटरनेट के माध्यम से जानकारी ली तो उसकी लोकेशन चेन्नई मद्रास की आ रही है लापता युवक अपने-पिता से भी बात करता है लेकिन सही स्थिति नहीं बता रहा है कि वह कहां है और किसके साथ है फिलहाल पुलिस लोकेशन को आधार बनाकर ही खोजबीन करने में जुटी हुई है।

**सारंगपुर विधानसभा क्षेत्र के विकास की दी जानकारी**

## राज्यमंत्री टेटवाल ने प्रदेश सरकार के बजट की गिनाईं उपलब्धियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶सारंगपुर

समीप ग्राम भेंसवा माता में भारतीय जनता पार्टी की जिला बैठक संपन्न हुई। इसके पूर्व राज्य मंत्री गौतम टेटवाल द्वारा प्रदेश सरकार के बजट को लेकर विस्तार से चर्चा करते हुए मध्य प्रदेश सरकार के कुशल प्रबंधन से विकास एवं जल कृषि क्षेत्र आयुष्मान महिलाओं का शक्तिकरण शिक्षा अनुसूचित जाति जन जाति कल्याण सहित पीएम स्वनिधि योजना प्रधानमंत्री ग्राम सड़क पीएम आवास मातृवंदना ,मछुआ क्रेडिट कार्ड पशु रोग निवारण सहित आजीविका मिशन को लेकर बिंदुवार चर्चा की। साथ ही बताया कि 1 करोड़ 8 लाख परिवार के 4 करोड़ 1 लाख सदस्यों के आयुष्मान कार्ड बनाने की भी जानकारी दी। साथ ही मध्य प्रदेश में गरीबी रेखा में जीवन स्तर को सुधारा हे अब तक मध्य प्रदेश के 2 करोड़ो 30 लाख लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को वैश्विक एवं सबसे शक्ति शाली नेता बताते हुए कहा की 10 वर्षो में 4 करोड़




पीएम आवास उनके नेतृत्व में बनाए गए हैं। तीसरे कार्यकाल में 3 करोड़ नए आवास बनाने का लक्ष्य रखा गया हैं इस प्रकार से मध्य प्रदेश की मोहन सरकार के बजट को स्वरहारा बताते हुए कांग्रेस पर तीखी टिप्पणी की। इस दौरान जिलाध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर,जिला प्रभारी सुरेंद्र शर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

## आर्म रेसलिंग में अमन ने गोल्ड तो हनुमंत ने जीता सिल्वर



**राजगढ़।** विगत दिनों देवास में आयोजित हुई आर्म रेसलिंग प्रतियोगिता में प्रदेश के कई खिलाड़ियों ने भाग लिया। राजगढ़ जिले से अमन साहू और ब्यावरा के हनुमंत लोधा इस प्रतियोगिता में शामिल हुए। अमन ने 75 किलोग्राम कैटेगरी में गोल्ड जीता। उन्होंने फाईनल में इंदौर के खिलाड़ी को हराया। वहीं, हनुमंत लोधा ने 60 किग्रा आर्म रेसलिंग में सिल्वर प्राप्त किया। इस उपलब्धि पर दोनों खिलाड़ियों के परिजनों, इष्टमित्रों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

**बूथ अध्यक्ष और पोलिंग एजेंट का सम्मान करेगी भाजपा, संगठनत्मक कार्यक्रमों को लेकर भाजपा की जिला बैठक संपन्न**

# कार्बन उत्सर्जन कम करने देश में 140 करोड़ तो प्रदेश में 5.5 करोड़ पौधे रोपने और सुशासन स्थापित करने का है संकल्प : राज्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के निर्देशों अनुसार आगामी संगठनत्मक कार्यक्रमों को बूथ स्तर तक अमली जामा पहनाने के लिए सारंगपुर के भेसवा माता मंदिर पर पार्टी की जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई। जिसमें निर्धारित संगठनत्मक कार्यक्रमों की कार्य योजना पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई। बैठक में राज्य मंत्री गौतम टेटवाल, सांसद रोडमल नगर, जिला प्रभारी सुरेंद्र शर्मा, जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। इस अवसर पर विधायक मोहन शर्मा अमर सिंह यादव पूर्व विधायक प्रताप मंडलोई पूर्व जिला अध्यक्ष केदार काका दीपेंद्र सिंह चौहान दीपक शर्मा मंच पर उपस्थित थे। पार्टी के पदाधिकारी ने सभी अतिथियों का अंग वस्त्र उड़ाकर उनका स्वागत किया। सांसद रोडमल नागर व राज्य मंत्री गौतम टेटवाल ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश में सभी 29 लोकसभा सीटों पर भाजपा प्रत्याशियों को मिली बड़ी जीत में बूथ स्तर के जमीनी कार्यकर्ता व पदाधिकारियों के योगदान व समर्पण को भुलाया नहीं जा सकता है। हाल ही में भोपाल में संपन्न प्रदेश कार्यसमिति की विस्तारित बैठक में इस बात का विशेष उल्लेख हुआ है। 13 से 20 जुलाई तक होने वाले शक्ति केंद्र सम्मेलनों में सभी बूथ अध्यक्ष और पोलिंग एजेंट का सम्मान किया जाएगा। उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रेषित धन्यवाद पत्रक दिए जाएंगे। मंडलों की वृहद बैठक, शक्ति केंद्र सम्मेलन में बूथ नेतृत्व का सम्मान समारोह 21 जुलाई को गुरु पूर्णिमा उत्सव, 26 जुलाई को कारगिल




विजय दिवस, 28 जुलाई को प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात कार्यक्रम का प्रसारण, 4 अगस्त तक एक पेड़ मां के नाम अभियान, मतदाता अभिनंदन यात्रा तथा लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती व रानी दुर्गावती की 500वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में महिला जनप्रतिनिधि सम्मेलन पर विस्तार से जानकारी दी।

जिला संगठन प्रभारी सुरेंद्र शर्मा ने कहा प्रदेश में लोकसभा चुनाव में भाजपा को 80 प्रतिशत बूथों पर विजय के साथ 59 प्रतिशत से अधिक वोट मिले हैं। अब हमारा लक्ष्य शेष 20 प्रतिशत बूथों को भी मजबूत करना है। शक्ति केंद्र सम्मेलनों में बूथ अध्यक्ष, महामंत्री, बीएलए, शक्ति केंद्र टोली, शक्ति केंद्र में निवासरत वर्तमान एवं पूर्व के जनप्रतिनिधि, सरपंच, पार्षद आदि को आमंत्रित करें। बूथ अध्यक्ष व पोलिंग एजेंट का सम्मान करें। यह सम्मान पूरी बूथ समिति एवं पन्ना प्रमुख का है। उन्होंने कहा की लोकसभा चुनाव में कार्यकर्ताओं के परिश्रम और ईमानदारी का बड़ा प्रणाम है जिन्होंने भाजपा की विचारधारा को लेकर हर लोकसभा में इतनी बड़ी जीत दर्ज कराई साथ ही में राजगढ़ लोकसभा में रोडमल नागर को तीसरी बार सांसद बनाने के लिए जिले के कार्यकर्ताओं ने जो परिश्रम किया है मैं उनका आभार व्यक्त करता हूं। संगठन आत्मक कार्यक्रमों के माध्यम से अपने बूथ को योजना अनुसार आगे की कार्य योजना के लिए मजबूत बनाकर कार्य करें। भाजपा जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर ने कहा की भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता आधारित पार्टी है जिनके परिश्रम से लोकसभा से लेकर के विधानसभा चुनाव तक पार्टी को प्रचंड जीत मिली संगठनत्मक कार्यक्रमों के माध्यम से कार्यकर्ता अपने बूथ को मजबूती प्रदान करें। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री के एक पेड़ मां के नाम अभियान को लेकर हम अधिक से अधिक वृक्ष लगाकर पर्यावरण को मजबूती प्रदान करें। सभी मंडलों में बैठक आयोजित की जाएगी उसके बाद शक्ति केंद्रों की बैठक होगी। जिसमें हम लोकसभा चुनाव में हर बूथ पर संतों का सम्मान करते हुए उनके प्रति धन्यवाद ज्ञापित करेंगी। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं ने परिश्रम की पराकाष्ठा करते हुए मध्यप्रदेश की सभी 29 लोकसभा सीटों पर कमल खिलाकर देश में सर्वश्रेष्ठ परिणाम दिया है। प्रधानमंत्री ने देश में कार्बन उत्सर्जन कम करने के लिए 140 करोड़ पौधारोपण का लक्ष्य दिया है। इसमें मप्र की भाजपा सरकार ने 5.5 करोड़ पौधारोपण का संकल्प लिया है। एक पेड़ मां के नाम अभियान को सफल बनाना हम सभी की जिम्मेदारी है।

**खबर संक्षेप**

## प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष व पूर्व मंत्री किसानों से करेंगे मुलाकात

**आष्टा।** 14 जुलाई को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी एवं पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा आष्टा विधानसभा के ग्राम बागैर,बापचा, भंवरी, अरनिया दाउत में दोपहर 1 पहुंच कर गेल इंडिया के एथेन क्रैकर प्लांट का विरोध कर रहे किसानों से चर्चा कर उनकी समस्या जानेंगे। पूर्व में उक्त ग्रामों के लोगों ने गेल इंडिया के विरोध में अनुविभागीय अधिकारी को अपना ज्ञापन भी दिया था। जब से ही उक्त ग्राम एवं आसपास के क्षेत्र के लोग गेल इंडिया प्लांट के विरोध में सक्रिय रूप से शामिल हैं। जीतू पटवारी एवं सज्जन वर्मा के साथ जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती, केलाश परमार, एआईसीसी सदस्य हरपाल ठाकुर, शैलेंद्र पटेल, विधानसभा प्रत्याशी कमल सिंह चौहान पूर्व जनपद अध्यक्ष बलबहादुर, जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष गुलाब बाई ठाकुर, सहित वरिष्ट कांग्रेस नेता साथ रहेंगे। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र शोभाखेड़ी ने कहा कि उक्त जन संवाद कार्यक्रम में अधिक से अधिक लोग शामिल होकर अपनी बात प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी व पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा के समक्ष रखे। जिससे कांग्रेस पार्टी भी उनकी बातों को सरकार के पास रख कर समस्या का हल निकालने में किसानों की मदद कर पाये। कार्यक्रम में सभी किसान भाई अपनी मांगों को विस्तृत रूप से रखे ताकि उनकी मांग पूरी हो। उक्त कार्यक्रम मैं भाग लेने की अपील ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र शोभाखेड़ी, ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष महेश मुंदीखेड़, नगर कांग्रेस अध्यक्ष जाहिद गुड्डू आदि ने की।

### घरेलू बिजली बिल बकाया नहीं भरने वालों के काटे गए बिजली कनेक्शन

# बिजली बिल बकायादारों के नाम किए सार्वजनिक, चौराहों पर लगाए फ्लेक्स

**घरेलू कनेक्शन पर 3 करोड़ 5 लाख, गैर घरेलू एक करोड़ 80 लाख कृषि पंप 7 करोड़ 88 लाख रुपए विद्युत उपभोक्ताओं पर बकाया है।**




हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

नगर में मध्यप्रदेश विघुत वितरण कंपनी द्वारा बिजली बिल बकायादारों के नाम सार्वजनिक किए गए। विभाग ने बकायादारों पर नकेल करना शुरू कर दिया है। इसके चलते उनके नाम की सूची सार्वजनिक की जा रही है। कंपनी के कर्मचारीयों ने नगर के गांधी चौक मुख्य बाजार पर भी फ्लेक्स लगाया है। नगर के बकायादारों के नाम सार्वजनिक किए उनके बाद ग्राम पंचायत स्तर पर नाम की सूची चस्पा की जाएगी। विद्युत विभाग के उच्च अधिकारियों के निर्देश अनुसार जेई अरविंद मंडलोई ने बताया कि बिजली चोरी पर प्रभावी अंकुश लगाया जाएगा।

नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में घरेलू कनेक्शन पर 3 करोड़ 5 लाख गैर घरेलू एक करोड़ 80 लाख कृषि पंप 7 करोड़ 88 लाख रुपए विद्युत उपभोक्ताओं पर बकाया है। इसके लिए किसी भी स्तर पर कतेही बर्दास्त नहीं की जाएगी। वहीं नगर में बकाया उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन भी सख्ती से काटे जा रहे हैं। अनधिकृत विद्युत उपयोग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और इसके लिए प्रशासन तथा पुलिस प्रशासन का भी सहयोग लिया जाएगा उन्होंने मैदानी कर्मचारीयों से कहा कि बकायदारों के बिजली कनेक्शन को तत्काल विच्छेदित करें तथा जो बड़े बाकायादार है, उनके नाम को सार्वजनिक करके उनकी लिस्ट नगर सहित ग्राम पंचायत में प्रदर्शित करवाई जाएगी और बताया कि यदि कोई उपभोक्ता कनेक्शन विच्छेदन के बाद अपना कनेक्शन स्वयं ही जोड़ लेता है तो उसे पर भी निगरानी रखी जाएगी। यदि मीटर रीडिंग में गड़बड़ी हो रही है तो तत्काल मीटर रीडर को बर्खास्त किया जाएगा। जिन मीटर रीडरों द्वारा कोताही बरती जा रही है उन्हें यदि कंपनी बाहर करती है तो आउटसोर्स कंपनी पुनः नियुक्त कर देती है इस तरह की कार्रवाई न हो इसका भी ध्यान रखा जाए। विघुत विभाग के जेई अरविंद मंडलोई ने बताया कि बिजली का बिल नहीं भरने वाले बकायादारों के नाम सार्वजनिक किए गए। फ्लेक्स नगर में मुख्य बाजार गांधी चौक पर लगाए गए हैं। अभी यह अभियान नगर में चल रहा है उसके बाद ग्राम पंचायत स्तर पर भी बकायादारों के नाम सार्वजनिक होंगे और उनके वसूली करने की कार्रवाई की जाएगी।

# आश्रम में मासिक सत्संग और भजन का हुआ आयोजन



**श्यामपुर।** कार्यक्रम में बडी संख्या में उपस्थित हुए श्रद्धालु।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के श्यामपुर स्थित आश्रम शाखा द्वारा मासिक सतसंग और भजन संकीर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत सुंदर भजनों के साथ प्रभु श्रीराम एवं श्री कृष्ण के धर्म संस्थापनार्थ अभियान पर आधारित विचार व्यक्त किए गए। संस्थान के संस्थापक एवं संचालक परम पूज्य दिव्य गुरु सर्वश्री आशुतोष महाराज जी की कृपा से चरणसेवक शिष्य स्वामी महादेवानंद ने बताया कि जब तक मानव अपने ह्रदय आसन में प्रभुश्री राम श्रीकृष्ण की स्थापना नहीं करेंगे, तब तक रावण कंस दुर्योधन जैसी कुप्रवृत्तियों का विनाश नहीं होगा। रावण कंस दुर्योधन वह आसुरी शक्तियाँ हैं जो विकारों के अधीन है। युवाओं के मन में उठने वाली दुष्प्रवृत्तियों बसे भरी कामनाओं, वासनाओं, मोह इत्यादि के कारण नारी समाज में शोषण की घटनायें बढ़ती जा रही हैं।

सर्वश्री आशुतोष महाराज भगवान शिव के सदृश दोनों नेत्रों के मध्य स्थित अग्नि नेत्र को जागृत कर मन में उठने वाले विकारों पर नियंत्रण रखने की चेतना का मार्ग प्रदान करते हैं। इस श्रंखला में संस्थान द्वारा बोध नामक प्रकल्प के माध्यम से हजारों युवाओं में चेतना जाग्रति का विस्तार हो रहा है। युवाओं को नशे के दलदल से बाहर निकाला जा रहा है। समाज का नवनिर्माण किया जा रहा है। स्वामी जी ने विचारों में आगे बताया कि भगवान श्री कृष्ण के जन्म के पहले समाज में घोर अंधकार व्याप्त था। कारागार के ताले बंद थे। पहरेदार सजग थे। और इस बंधन से छूटने का कोई रास्ता नहीं था। ठीक इसी प्रकार ईश्वर के साक्षात्कार के अभाव में मनुष्य का जीवन घोर अंधकामय है। उसके पास अपने कर्मों की कालकोठरी से निकलने का कोई उपाय नहीं है। उसके विषय विकार रूपी पहरेदार इतने सजग होकर पहरा देते हैं, कि उसे कर्म बंधनों से बाहर नहीं निकलने देते हैं। पर जब कभी उसके जीवन में पुण्य कर्मों व श्रद्धा के प्रताप से श्रोत्रिय बृह्मनिष्ठ गुरु का आगमन होता है, और उनकी कृपा से अन्तर्घट में ही ईश्वर का साक्षात्कार होता है, तब परमात्मा के सनातन दिव्य प्रकाश के साक्षात्कार से विषय विकार रूपी पहरेदार सो जाते हैं। कर्म बंधनों के ताले खुल जाते हैं और मनुष्य की मुक्ति का मार्ग प्रशस्त हो जाता है। सच्चे अर्थों में मानव समाज दिव्यता को प्राप्त कर सके। कार्यक्रम के अंत में आरती के उपरांत सभी भक्तजनों ने भंडारा कार्यक्रम के अंतर्गत भोजन प्रसाद ग्रहण किया। सहयोगी बंधुओं का धन्यवाद व आभार व्यक्त करते हुए स्वामी जी ने सबको सूचित किया कि आगामी 21 जुलाई रविवार को सभी धर्मप्रेमी भक्तजनों हेतु दोपहर 2 बजे से 5 बजे के मध्य संस्थान के नेश्नल हाइवे श्यामपुर स्थित आश्रम में साध्वी बहिनों के मुखारबिंद दिव्य सतसंग प्रवचन भजन-संकीर्तन, महाआरती, ब्रह्मज्ञान की दीक्षा व ईश्वर साक्षात्कार आधारित ध्यान शिविर एवं भण्डारा प्रसाद का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। जिसमें सभी धर्मप्रेमी भक्तजन सादर आमंत्रित हैं।

# भगवान जगन्नाथ स्वामी की रथयात्रा आनंद धाम आने पर भागवत कथा के दौरान कंस वध पर सुनाई कथा

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

भगवान जगन्नाथ के अपनी मौसी के यहां पधारने पर आनंद धाम पर संगीत मय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का आयोजन किया गया है। कथा का पंचम दिवस था। श्रीमद् भागवत महापुराण मैं गोकुल में जन्म का, पुतना का उद्धार नामकरण संस्कार, कृष्ण बाल लीला, ब्रह्मा जी का मोह, कालिया नाग पर कृपा, वेणु गीत, गोवर्धन धारण महारास लीला, गोपी गीत कुब्जा पर कृपा, गुरुकुल में शिक्षा, रुक्मणी हरण आदि की विस्तार से कथा सुनाई। पँचम दिवस पर कथा व्यास पंडित कन्हैया लाल शर्मा भागवत भूषण ने भक्तों को विस्तार से बताया। पंडित गजेंद्र शास्त्री धर्म अधिकारी ने बताए। विगत 19 वर्षों से रथ यात्रा आनंद धाम पर आती है। भगवान यहां पर छुट्टी मनाने 7 दिन तक विश्राम करते हैं अपनी मौसी के घर आनंद धाम पर इस अवसर पर कथा श्रवण करने पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष कैलाश परमार, आरके दीक्षित, मुकेश आर्य, निखिल कुशवाहा, शीला शर्मा, मुकेश ताम्रकार, बाबू बृजेंद्र शर्मा,




उषा तिवारी, जीवन सिंह सोलंकी, , हंसकुमार वर्मा, ज्ञान सिंह ठाकुर, दीक्षांत गोस्वामी, लंकेश अवंतीपुर बडोदिया, चंचु ताम्रकार ,सुरेश पांचाल, दिलीप सांवरिया, कमलेश प्रीति ताम्रकार, शिव श्री वादी, राधेश्याम नायक, बृजमोहन सोनी, क्षमा शर्मा, उमा चंद्रशेखर शर्मा महेंद्र राधा शर्मा, रमा गजेंद्र शर्मा, अंजलि अनुराग शर्मा, बृजमोहन रानी सोनी भुवनेश्वरी शर्मा, सनातन देव शर्मा, धाता शर्मा आदि सभी भक्तगण उपस्थित रहे। धर्माधिकारी गजेंद्र शर्मा ने बताया कि आनन्द धाम पर 8 जुलाई से 14 जुलाई तक दोपहर में 2 बजे से शाम 5 बजे तक पंडित भवानी शंकर शर्मा के निवास आनंद धाम आष्टा पर कथा का आयोजन किया गया है।

# नगर में पहली बार इस्कान द्वारा आज निकलेगी भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा, तैयारी हुई पूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



अंतर्राष्ट्रीय कृष्ण भावनामृत संघ द्वारा आष्टा नगर के इतिहास में पहली बार भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा निकाली जाएगी। आष्टा इस्कान सेंटर के सदस्य ने जानकारी देते हुए बताया की जगन्नाथपुरी में रथयात्रा उत्सव शुरू होने के बाद से देशभर में यात्राओं का दौर जारी है। जिसमे आष्टा नगर ने भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा के लिए हम प्रयासरत थे और सबके सहयोग से यात्रा निकाली जा रही है।

रथयात्रा गायत्री मंदिर से रविवार को दोपहर 1 बजे प्रारंभ होगी जो भोपाल नाका से कन्नौद रोड होते हुए कालोनी चौराहे पहुंचे जहा समापन होगा। यात्रा के समापन के पश्चात भगवान की आरती होगी उसके बाद प्रसादी वितरण किया जायेगा। यात्रा में विशेष रूप से रथ उज्जैन से आएगा जिसमे भगवान जगन्नाथ जी विराजमान होंगे और रथ को भक्तो द्वारा खींचा जायेगा। इस यात्रा में देवास शाजापुर संसदीय क्षेत्र से सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी, क्षेत्रीय विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर, नगर पालिका अध्यक्ष हेमकुवार रायसिंह मेवाडा जी सहित कई जनप्रतिनिधि सम्मलित होंगे। वही विशेष रूप से उज्जैन इस्कान के प्रमुख सहित प्रभु जी के साथ श्रद्धालु भी सम्मलीत होंगे।

# अभियान के तहत विद्यार्थियों ने स्कूल में लगाए पौधे

**सुशीला विद्या मंदिर हायर सेकंडरी स्कूल में चला एक पेड़ मां के नाम अभियान**

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा





सुशीला विद्या मंदिर हायर सेकंडरी स्कूल बागैर मे वृक्षारोपण का कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसमें विद्यालय के सभी छात्र छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रधानमंत्री के आह्वान पर एक पेड़ मां के नाम पर अपने-अपने घर अपने-अपने गांव पर लगाने का का संकल्प छात्र छात्राओं को दिलाया गया। सर्वप्रथम सुशीला विद्या मंदिर में वृक्षारोपण और पर्यावरण की जागरूकता को लेकर 2 घंटे का बच्चों के बीच में सेमिनार आयोजित किया गया।

सर्वप्रथम सेमिनार का संबोधन संस्था के मार्गदर्शक अशोक परमार द्वारा किया गया, उसके पश्चात संस्था की प्राचार्या रानू परमार, संस्था के प्रबंधक नरेन्द्र परमार और संस्था के व्यवस्थापक राजेश परमार सभी ने बारी बारी से अपने अपने उत्बोधन में पर्यावरण के प्रति मानव की जिम्मेदारी, पर्यावरण से होने वाले लाभ, पेड़ पौधे लगाने से जलवायु इत्यादि में होने वाले परिवर्तन आदि विषयों पर छात्र छात्राओं को जानकारी दी गई। मंच का संचालन संस्थान के वरिष्ठ शिक्षक श्री दिनेश दास बैरागी द्वारा किया गया। सेमिनार के आयोजन के पश्चात बच्चों द्वारा संस्था में पीपल, बरगद, नीम, गुलमोहर, अमलतास, कदंब शीशम इत्यादि के पौधे लगाए गए।

### चरनोई भूमि और खेल मैदान के लिए प्रस्तावित भूमि पर लोगों ने कर लिया था अतिक्रमण

# राजस्व अमले ने पुलिस के साथ मिलकर हटाए अवैध कब्जे





हरिभूमि न्यूज ⏭ खाचरोद

कलेक्टर प्रवीण सिंह के निर्देशन पर और आष्टा एसडीएम स्वाति मिश्रा उपाध्याय के मार्गदर्शन में तहसीलदार मुकेश सांवले ने राजस्व विभाग के अमले के साथ मौके पर रहकर पुलिस बल की मौजूदगी में ग्राम पंचायत जरखेड़ी अंतर्गत आने वाले ग्राम भील खेड़ी में गौशाला की चरनोई भूमि तथा खेल मैदान के लिए प्रस्तावित भूमि से अवैध रूप से किए गए अतिक्रमण को शांतिपूर्ण ढंग से हटा दिया।

आवंटित भूमि पर गांव के कुछ लोगों द्वारा सोयाबीन मक्का तुवर आदि फसलों की बोनी कर दी थी तथा कुछ लोगों द्वारा टपरिया भी बना ली थी। इसके चलते ग्रामीणों को अपनी मवेशियों को चराने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था वही सरकारी भूमि पर हुए अतिक्रमण की शिकायत ग्रामीणों द्वारा कई सालों से शासन को की जा रही थी। इसके चलते शुक्रवार को राजस्व विभाग द्वारा पुलिस बल की मौजूदगी में 43 एकड़ भूमि से अतिक्रमण हटाकर उसमें बोई हुई फसल को ट्रैक्टरों से नष्ट कर उसके आसपास पंचायत द्वारा तार फेंसिंग करवाई गई। वहीं जिन लोगों ने वहां पर टपरी बनाई थी। उनको 7 दिन के अंदर अपनी टपरी हटाने के मौखिक आदेश तहसील दार द्वारा दिए गए। इस कार्रवाई में तहसीलदार मुकेश सांवले सिद्दीकगंज थाना प्रभारी गोपेंद्र सिंह राजपूत, खाचरोद चौकी प्रभारी सूरज सिंह परिहार, एएसआई लोकेश निवारे, राजस्व निरीक्षक कमल कीर, हल्का पटवारी अजय वर्मा, बलराम रजक, राकेश मालवीय, सतीश मालवीय, राजेश मेवाड़ा, नरेंद्र जयसवाल, कृष्णकांत मेहरा, प्रधान आरक्षक ठाकुर प्रसाद, सैनिक माधव सिंह व ग्राम पंचायत सरपंच रघुवीर सिंह ठाकुर व पंचों की उपस्थिति में अवेध अतिक्रमण को हटाया गया।

# एबीवीपी ने रक्दान शिविर का किया आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् के 76 वे स्थापना दिवस पर एबीवीपी स्टूडेंट फॉर सेवा के माध्यम से रक्त दान शिविर लगाया गया। जिसमें करीब 52 यूनिट ब्लड डोनेशन हुआ। विद्यार्थी परिषद नगर मंत्री रजत सोनी बताया कि हमारे मातृ संगठन एबीवीपी का 9 जुलाई को पूरे 76 वर्ष पूर्ण हो चुके है। जैसा की हम सभी जानते है आज के समय में विद्यार्थी परिषद विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन है जो की 12 महीने महाविद्यालयों और विद्यालयों में एक्टिव रहने वाला एक मात्र छात्र संगठन है। इसी के चलते एबीवीपी नगर इकाई ने शहीद भगत सिंह महाविद्यालय में रक्त दान शिविर का आयोजन किया जिसमें भारी मात्रा में नगर की छात्र शक्ति व युवा शक्ति ने हिस्सा लिया।